दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, रविवार 11 अगस्त 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक- 310

# आर्टिकल 370 पर बिफरे पाकिस्तान ने दिल्ली-लाहौर बस सेवा निलंबित की



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा हटाने और उसे 2 केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के भारत के फैसले को लेकर सीमा पार की 2 ट्रेनों को निलंबित करने के बाद लाहौर-दिल्ली मैत्री बस सेवा भी निलंबित कर दी है। यह बस सेवा फरवरी 1999 में शुरू हुई थी लेकिन 2001 में संसद हमले के बाद यह निलंबित कर दी गई। फिर जुलाई 2003 को इस बस सेवा को बहाल किया गया।

पाकिस्तान के संचार एवं डाक सेवा मंत्री मुराद सईद ने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा समिति (एनएससी) की बुधवार को हुई बैठक में लिए गए फैसलों के अनुसार ही यह कदम उठाया गया। सईद ने ट्वीट किया, 'एनएससी के फैसलों के अनुसार पाकिस्तान-भारत बस सेवा निलंबित कर दी गई है।' लाहौर-दिल्ली बस सेवा दिल्ली गेट के समीप आंबेडकर स्टेडियम टर्मिनल से चलती है। डीटीसी की बसें हर सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को और पाकिस्तान पर्यटन विकास प्राधिकरण (पीटीडीसी) की बसें हर मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को दिल्ली से लाहौर रवाना होती हैं। वापसी में डीटीसी की बसें हर मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को लाहौर से रवाना होती हैं जबकि पीटीडीसी की बसें हर सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को दिल्ली के लिए रवाना होती हैं।

इससे पहले पाकिस्तान के रेल मंत्री शेख राशिद अहमद ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह राजस्थान से सटी सीमा के जरिए दोनों देशों के बीच चलने वाली थार एक्सप्रेस ट्रेन सेवा को निलंबित कर रहे हैं। इससे एक दिन पहले पाकिस्तान ने द्विपक्षीय संबंधों का दर्जा कम करने के फैसले के बाद समझौता एक्सप्रेस को भी निलंबित कर दिया था। आधिकारिक एपीपी समाचार एजेंसी ने बताया कि राशिद ने थार एक्सप्रेस की सेवाओं को निलंबित करने की घोषणा की। थार एक्सप्रेस 18 फरवरी 2006 से जोधपुर के भगत की कोठी स्टेशन से कराची के बीच हर शुक्रवार रात को चलती है। उससे पहले यह सेवा 41 वर्षों तक स्थगित रही थी।

उन्होंने बताया कि थार एक्सप्रेस के लिए 13 अरब रुपये की लागत से 133 किलोमीटर लंबा नया ट्रैक बनाया गया था। अब इस ट्रैक का इस्तेमाल थार कोयला परियोजना के लिए किया जाएगा। पाकिस्तान ने गुरुवार को भारत के साथ समझौता एक्सप्रेस ट्रेन सेवा निलंबित कर दी थी। राशिद ने कहा कि जब तक वह रेल मंत्री हैं तब तक ट्रेन निलंबित रहेगी और इस ट्रेन की बोगियों का इस्तेमाल अब ईद पर यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए किया जाएगा। समझौता एक्सप्रेस का नाम हिंदी के समझौता शब्द पर रखा गया है। इसमें 3 स्लीपर बोगियां और एक एसी-3 टियर बोगी है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### टेरर फंडिंग मामले में पूर्व विधायक इंजीनियर राशिद गिरफ्तार

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कश्मीर के पूर्व निर्दलीय विधायक शेख अब्दुल राशिद उर्फ इंजीनियर राशिद को गिरफ्तार कर लिया है। टेरर फंडिंग से जुड़े मामले में राशिद की गिरफ्तारी हुई है। इससे पहले एनआईए ने रविवार को इंजीनियर राशिद से टेरर फंडिंग से जुड़े केस में पूछताछ की थी। इंजीनियर राशिद से दिल्ली में यह पूछताछ की गई थी। 2017 के टेरर फंडिंग मामले में उनसे पहले ही पूछताछ हो चुकी है। पिछले सप्ताह उन्हें समन जारी किया गया था। एनआईए से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने पूछताछ में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इस वजह से हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ करना जरूरी हो गया है। आतंकियों तथा अलगाववादियों को धन की आपूर्ति किए जाने के मामले में पिछले दिनों गिरफ्तार कारोबारी जहूर वटाली ने पूछताछ के दौरान रशीद का नाम लिया था। टेरर फंडिंग के मामले में एनआईए ने आतंकी संगठनों तथा कई अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

### तीन तलाक देने पर शख्स गिरफ्तार

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय राजधानी में एक व्यक्ति को अपनी पत्नी को तीन तलाक देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, एक 29 वर्षीय महिला ने शुक्रवार को एक शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उसने दावा किया कि उसके पति अतीर शमीन ने तीन बार तलाक बोलकर उसे तलाक दे दिया। दोनों की शादी नवंबर 2011 में हुई थी। महिला ने आरोप लगाया कि 23 जून को उसके पति ने तीन बार तलाक बोलकर उसे तलाक दे दिया और घटना का उल्लेख करते हुए व्हाट्सएप पर फतवा भी भेजा। शिकायत के बाद, उत्तरी दिल्ली के आजाद मार्केट निवासी शमीन के खिलाफ मुस्लिम महिला (विवाह में अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम 2019 की धारा 4 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। प्रसाद ने कहा, हमने पति को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की जांच जारी है।

### 3 मंजिला इमारत गिरने से 4 लोगों की मौत

**» गुजरात में बारिश का कहर**

**नाडियाड (आरएनएस)।** गुजरात के नाडियाद में शुक्रवार देर रात भारी बारिश की वजह से तीन मंजिला इमारत गिर गई। इस हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। मलबे में फंसे 9 लोगों को बचा लिया गया है और उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनास्थल पर बचाव अभियान जारी है। आशंका है कि कुछ और लोग अभी मलबे में फंसे हो सकते हैं और उन्हें निकालने की कोशिश जारी है। गुजरात के अहमदाबाद और राजकोट में रात से बारिश जारी है। गोधरा में भी बारिश के चलते रेलवे प्लेटफॉर्म पानी पानी हो चुका है। शुक्रवार देर रात भारी बारिश के बाद नाडियाद में दो मंजिला इमारत भरभराकर गिर गई। इसके बाद लोगों ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस और राहत-बचाव दल की टीम ने इमारत के मलबे में से 9 लोगों को जिंदा बाहर निकाल लिया। हालांकि, 4 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी।

### कोर्ट ने गिरफ्तारी से मिली छूट की अवधि बढ़ाई

**» पी चिदंबरम और कार्ति को बड़ी राहत**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** एयरसेल-मैक्सिस मामले में दिल्ली की एक अदालत ने पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम और उनके बेटे कार्ति चिदंबरम को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दायर प्राथमिकियों में गिरफ्तारी से दी गई अंतरिम छूट की अवधि 23 अगस्त तक के लिए बढ़ा दी है। विशेष न्यायाधीश ओपी सैनी ने शुक्रवार को गिरफ्तारी से छूट की अवधि बढ़ाते हुए कहा कि कोर्ट इस संबंध में दोनों एजेंसियों की ओर से दायर अग्रिम जमानत आवेदनों पर दलीलों के लिए उपलब्ध नहीं थी। छूट की अवधि आज यानी शुक्रवार को समाप्त होने वाली थी।

## भारत ने संविधान के दायरे में हटाया आर्टिकल-370

**» रूस ने भी पाक को दिया झटका**



**मॉस्को।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 को कमजोर करने के निर्णय का रूस ने समर्थन कर दिया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत ने जम्मू और कश्मीर को दो भागों में विभाजित और केंद्र शासित प्रदेश बनाने का निर्णय भारतीय संविधान के अनुसार ही लिया गया है। मॉस्को को उम्मीद है कि जम्मू-कश्मीर राज्य पर दिल्ली द्वारा लिए गया निर्णय पर भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव में वृद्धि नहीं होने देंगे।

रूस के विदेश मंत्रालय की कहा गया, हमें उम्मीद है कि भारत-पाकिस्तान के मतभेदों को द्विपक्षीय आधार पर राजनीतिक और राजनयिक तरीकों से हल किया जाएगा। भारत और पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में किए गए बदलाव के बाद किसी तरह के तनाव को बढ़ावा नहीं देंगे।

वहीं चीन ने भी भारत और पाकिस्तान से अपने विवादों को सुलझाने के लिए बातचीत करने का आग्रह किया। बता दें कि चीन की यह प्रतिक्रिया पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी के चीन से परामर्श के लिए पहुंचने के बाद शुक्रवार को आई। पाकिस्तान के विदेश मंत्री कुरैशी, भारत की ओर से जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को रद्द किए जाने के मद्देनजर अगला कदम लेने के लिए चीन से राय लेने पहुंचे हैं। चीन विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम पाकिस्तान और भारत से बातचीत के जरिए विवाद को सुलझाने व संयुक्त रूप से शांति एवं स्थिरता को कायम रखने का आह्वान करते हैं।

## भारतीय डॉक्टर दंपती और उनकी बेटी हुए विमान हादसे का शिकार, मौत



**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में एक छोटे निजी विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से भारतीय मूल के प्रमुख चिकित्सक दंपति और उनकी 19 वर्षीय बेटी की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दुर्घटना गुरुवार सुबह उपनगरीय फिलाडेल्फिया में हुई। अमेरिकी मीडिया के मुताबिक मृतकों की पहचान डॉक्टर जसवीर खुराना (60) उनकी पत्नी डॉक्टर दिव्या खुराना (54) और बेटी किरन खुराना के रूप में हुई है। डॉक्टर जसवीर के परिवार में एक और बेटी है। वह उनके साथ विमान में सवार नहीं थी।

फिलाडेल्फिया इन्क्वायरर की खबर के अनुसार जसवीर खुराना एक लाइसेंसधारी पायलट थे, जिनके पास अपने नाम पर पंजीकृत 44 साल पुराना विमान था। चिकित्सक-शोधकर्ता पति और पत्नी ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में प्रशिक्षण लिया था और दो दशक से अधिक समय पहले अमेरिका चले गए थे।

राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) ने कहा कि विमान सुबह 6 बजे के बाद नॉर्थईस्ट फिलाडेल्फिया हवाई अड्डे से रवाना होकर कोलंबस के ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी एयरपोर्ट की ओर जा रहा था। सीबीएस न्यूज के अनुसार एकल इंजन वाला बीचक्राफ्ट बोनांजा विमान लगभग तीन मिनट तक उड़ान भरने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस सुबह करीब छह बजकर 20 मिनट पर घटनास्थल पर पहुंची और परिवार के तीनों सदस्यों के शवों को वहां पाया।

## परीक्षण के दौरान रॉकेट का इंजन फटा, 5 परमाणु वैज्ञानिकों की मौत

**» फैला रेडिएशन**



मॉस्को ,10 अगस्त। रूस से एक बड़े हादसे की खबर निकलकर आ रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रूस के न्योनोस्का में धमाके की वजह से 5 परमाणु वैज्ञानिकों की मौत हो चुकी है जबकि 9 अन्य घायल हो गए। दरअसल, रॉकेट परीक्षण के दौरान अचानक धमाका हो गया, जिससे वैज्ञानिकों की मौत हो गई।

हादसा गुरुवार को हुआ था। इसके ठीक बाद न्योनोस्का से 47 किमी दूर सेवेरोद्विंस्क शहर के अधिकारियों ने चेतावनी दी कि धमाके के ठीक बाद रेडिएशन स्तर सामान्य से 20 गुना ऊपर है। करीब 40 मिनट बाद स्थिति ठीक हुई। हालांकि, शुक्रवार को भी साइट पर कुछ छोटे धमाकों में 9 लोग घायल हो गए। मेडिकल टीम ने केमिकल और न्यूक्लियर प्रोटेक्शन सूट पहनकर सभी घायलों को टेस्ट साइट से बाहर निकाल लिया है।

रूस की न्यूक्लियर कंपनी रोसाटोम के मुताबिक, हादसा रॉकेट के लिक्विड प्रोपेलेंट इंजन के परीक्षण के दौरान हुआ। वैज्ञानिक आइसोटोप के जरिए प्रपुल्शन सिस्टम को चलाने का प्रयास कर रहे थे। हादसे के दो दिन बाद तक स्थिति सामान्य नहीं हो सकी है। टेस्टिंग साइट के पास मौजूद आर्खनगेल्स्क और सेवेरोद्विंस्क शहरों में रेडिएशन को लेकर लोगों में डर है। मेडिकल स्टोर्स पर आयोडीन लेने के लिए भीड़ लग गई। बताया गया है कि दोनों शहरों में यह दवा खात्मे की कगार पर है।

रूस में इस हफ्ते का यह दूसरा बड़ा हादसा रहा। इससे पहले सोमवार को साइबेरिया स्थित हथियारों के गोदाम (एम्युनिशन डम्प) में आग लगने से इलाके में धमाके शुरू हो गए। इसमें एक की मौत हुई जबकि 8 अन्य गंभीर रूप से जख्मी हो गए। हालांकि, सरकार ने लगभग तुरंत ही एक्शन लेते हुए इलाके में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया और 9500 लोगों को खतरे से बाहर निकाला।

## एम्स में अरुण जेटली की हालत स्थिर



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पूर्व वित्त मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के नेता अरुण जेटली को शुक्रवार शाम अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराए गए हैं। जेटली की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है हालांकि वे अभी भी आईसीयू में ही हैं। शनिवार सुबह उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू पूर्व वित्तमंत्री अरुण जेटली से मिलने के लिए पहुंचे हैं। इससे पहले शुक्रवार देर शाम पीएम नरेंद्र मोदी, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह भी जेटली से मिलने के लिए एम्स पहुंचे थे।

मिली जानकारी के अनुसार उन्हें सांस लेने में आ रही दिक्कत के चलते शुक्रवार सुबह 11 बजे एम्स में भर्ती कराया गया था. जेटली को किडनी से संबंधित समस्याओं और कुछ संक्रमणों का इलाज चल रहा था। हालांकि उन्होंने बीमारी की विस्तृत जानकारी नहीं दी थी।

जेटली का सितंबर 2014 में बैरिएट्रिक ऑपरेशन हुआ था. लंबे समय से मधुमेह के कारण वजन बढ़ने की समस्या के निदान के लिए उन्होंने यह ऑपरेशन करवाया था. यह ऑपरेशन पहले मैक्स हॉस्पीटल में हुआ था पर बाद में कुछ दिक्कतें आने के कारण उन्हें एम्स स्थानांतरित किया गया था. कुछ साल पहले उनके दिल का भी ऑपरेशन हुआ था.

## पाक ने किया सीजफायर का उल्लंघन, बीएसएफ ने दिया मुंहतोड़ जवाब



**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाए जाने के बाद पाकिस्तान की बौखलाहट बरकरार है। पाक ने एक बार फिर जम्मू के कचानक सेक्टर में सीजफायर का उल्लंघन किया है। पाकिस्तानी रेंजर्स एलओसी के पास लगातार गोलीबारी कर रहे हैं जिसका बीएसएफ के जवान भी मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं।

पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के कनाचक सेक्टर में आज यानी शनिवार को सीजफायर का उल्लंघन किया है। पाकिस्तानी रेंजर्स की ओर से नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास गोलीबारी की जा रही है। वहीं बीएसएफ के जवान भी पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं। बता दें कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के बाद से पाकिस्तान बौखला गया है और लगातार ऐसी हरकत कर रहा है। इससे पहले 1 अगस्त को भी जम्मू-कश्मीर के उरी में पाकिस्तान ने फिर सीजफायर का उल्लंघन किया गया है।

लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) पर हाजीपीर सेक्टर में पाकिस्तान की ओर से मोर्टार दागे गए थे, जिसका भारतीय फौज ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया था। नियंत्रण रेखा के पास उरी, तंगधार, गुरेज, नौशेरा समेत कई इलाकों में फायरिंग की गई थी। जिसमें भारतीय सेना का एक जवान शहीद हुआ था और कई नागरिक जख्मी हुए थे।

## नए अध्यक्ष पर सहमति की प्रक्रिया में नहीं होंगे शामिल

**» सीडब्ल्यूसी की बैठक से निकले सोनिया और राहुल**



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस की शीर्ष नीति निर्धारण इकाई कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक सोनिया गांधी और राहुल गांधी छोड़ कर चले गए है। दरअसल, उन्होंने कांग्रेस पार्टी के नए अध्यक्ष के नाम पर सहमति बनाने की प्रक्रिया से खुद को दूर रखने का फैसला किया है। सोनिया ने बाहर निकलते हुए कहा, हम (सोनिया और राहुल) सहमति बनाने की प्रक्रिया का हिस्सा नहीं होंगे, इसलिए जा रहे हैं। गौरतलब है कि प्रियंका गांधी कार्यसमिति की बैठक में मौजूद हैं।

इस दौरान बैठक में पांच कमेटियों का गठन किया गया है। ये कमेटियां पूरे देश में जाकर कार्यकर्ताओं की राय लेंगी। जिसके बाद से कांग्रेस के अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। इसमें से एक कमेटी में सोनिया गांधी का नाम भी शामिल है। हालांकि कमेटी में नाम शामिल होने पर सोनिया गांधी ने कहा कि वो गलती से छप गया था। वहीं राहुल गांधी ने कहा कि वह दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड जा रहे हैं।

फिलहाल, मीटिंग सस्पेंड कर दी गई है। लोकसभा में कांग्रेस पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी ने बताया कि शाम 8.30 बजे सीडब्ल्यूसी की दोबारा बैठक होगी। रात 9 बजे तक नए अध्यक्ष की घोषणा हो सकती है। पूरी संभावना है कि रात नौ बजे तक कांग्रेस के नए अध्यक्ष के नाम की घोषणा हो जाए। इस बैठक में पार्टी पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी, वरिष्ठ नेता अहमद पटेल, एके एंटनी, गुलाम नबी आजाद, मल्लिकार्जुन खड़गे, कई प्रदेश अध्यक्ष और कई अन्य नेता शामिल हैं। सीडब्ल्यूसी की बैठक से एक दिन पहले राहुल गांधी ने पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक में कहा था कि कांग्रेस अध्यक्ष को लेकर अगले कुछ दिनों के भीतर निर्णय हो जाएगा।

माना जा रहा है कि आज की सीडब्ल्यूसी की बैठक में नए अध्यक्ष के चयन के लिए किसी पैनल अथवा व्यवस्था पर निर्णय होगा। पार्टी के नये अध्यक्ष को लेकर मुकुल वासनिक, मल्लिकार्जुन खड़गे, अशोक गहलोत और सुशील कुमार शिंदे सहित कई वरिष्ठ नेताओं के नामों की चर्चा है। दरअसल, राहुल गांधी के इस्तीफे के बाद से बनी असमंजस की स्थिति और नेतृत्व के संकट को खत्म करने की कोशिश करते हुए कांग्रेस ने सीडब्ल्यूसी की बैठक बुलायी है। पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने पहले पार्टी अध्यक्ष की जिम्मेदारी किसी युवा नेता को सौंपने की बात की और फिर महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के नाम की पैरवी की।